**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत की गई महिलाओं की जांच

**जुन्नारदेव।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत बरेलीपार उप स्वास्थ्य केंद्र में मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में उप स्वास्थ्य केंद्र बरेलीपार में स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत महिलाओं का पंजीयन एवं जांच परीक्षण किया गया। 17 सितंबर को उप स्वास्थ्य केंद्र बरेलीपर में डॉ संदीप लोधी की उपस्थिति में बीएमओ सुदेश कुमार नागवंशी के मार्गदर्शन में मरीज का पंजीयन हुआ जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया बारिश की अधिकता एवं रास्ता न होने के कारण भी आशा कार्यकर्ता एवं A N M के सहयोग से गर्भवती महिलाएं ज्यादा संख्या में उप स्वास्थ्य केंद्र बरेलीपर में पहुंची। बीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### गरबा आयोजन के संबंध में विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव।** आगामी 22 सितंबर से नवरात्रि में देवी उपासना के पर्व के अवसर पर, गरबा आयोजित करने वाले आयोजकों को फूहड़ एवं अश्लील गीतों पर नृत्य पर रोकथाम एवं विधर्मियाँ, शराबियों को गरबा पंडालों में प्रवेश ना देने की शर्त पर ही पुलिस की अनुमति प्रदान करने के संबंध में थाना प्रभारी राकेश बघेल को ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा, एसपी छिंदवाड़ा, एसडीओपी जुन्नारदेव, एसडीएम जुन्नारदेव को सौंपी गई है। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा कहा गया कि हिन्दू धर्म की परम आराध्य माता जगदंबा की आराधना का पर्व नवरात्रि में ?गरबा उत्सव विशुद्ध रूप से माता के चरणों में, अपने आप को समर्पित कर, माता के समक्ष भक्ति भाव से नृत्य प्रस्तुत करने का माध्यम है। लेकिन कतिपय लोगों द्वारा इस भक्ति भावना को भुनाने के लिए व्यवसायिक स्वरूप देने का कुत्सित प्रयास किया।

### बैतूल हाईवे पर दर्दनाक हादसा, बिना मुंडेर के कुआं बना हादसे का कारण, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम तैनात, रेस्क्यू जारी

# अनियंत्रित कार कुएं में जा गिरी, तीन लोग सुरक्षित निकाले गए, चार अभी भी फंसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शुक्रवार की शाम बैतूल रोड के टेमनीखुर्द में के पास हुए हादसे की खबर जैसे ही लगी तो चारों ओर हाहाकार मच गया। सोशल मीडिया से लेकर जगह तक पहुंचने वालों का इतना तांता लगा कि जाम की स्थिति बन गई और जिंदगी बचाने का सिलसिला शुरू हुआ। पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से तीन लोगों को तो सुरक्षित निकाल लिया गया और बाकी लोगों को भी सुरक्षति निकालने के लिए प्रयास जारी है। खबर लिखे जाने तक चार लोग कुएं में फंसे होने की खबर है।



शुक्रवार शाम 6 बजे बैतूल हाईवे पर एक बड़ा हादसा हो गया। टेमनी खुर्द के पास नेशनल हाईवे किनारे बने एक गहरे कुएं में कार अनियंत्रित होकर जा गिरी। कार में कुल सात लोग सवार थे। इनमें से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि चार लोग अब भी कुएं के अंदर कार में फंसे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी सात लोग चित्रकूट से मुलताई जा रहे थे। यह लोग धार्मिक अनुष्ठान के लिए यात्रा पर निकले थे। हादसा उस समय हुआ जब टेमनी खुर्द गांव के पास तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बने कुएं में जा गिरी। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से तीन लोगों को किसी तरह कार से बाहर निकाल लिया गया। लेकिन कार में सवार चार लोग गहरे कुएं के पानी में फंसे हुए हैं। उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार प्रयास कर रही है।



### पुलिस कर रही रेस्क्यू

सूचना मिलते ही सांवरी चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस जवान रस्सियों और अन्य साधनों की मदद से कुएं में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं।

### हाईवे पर जाम, लोग चिंतित

हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही। राहगीरों ने रुककर कार में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश की। मौके पर माहौल बेहद तनावपूर्ण और चिंताजनक बना हुआ है, लोग लगातार कुएं के पास खड़े होकर रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर रखे हुए हैं।

## आदिवासी बालक आश्रम सामरबोह का निरीक्षण



**बिछुआ।** आज आदिवासी बालक आश्रम सामरबोह का निरीक्षण महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती भावना कुमरे, सुपरवाइजर श्रीमती मालती टेंमरे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आश्रम में बच्चों की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण, साफ-सफाई, रहने की सुविधा एवं अध्ययन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने रसोईघर, छात्रावास कक्ष, पेयजल की उपलब्धता और बच्चों की दिनचर्या पर विशेष ध्यान दिया।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक श्री देवानंद नागरे एवं आश्रम का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। उन्होंने निरीक्षण दल को आश्रम की वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी दी और बच्चों की शिक्षा एवं देखरेख से संबंधित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।निरीक्षण उपरांत महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती भावना कुमरे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आश्रम की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और बच्चों की पढ़ाई में और अधिक सहयोग करने के निर्देश दिए।सुपरवाइजर श्रीमती मालती टेंमरे ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार, सुरक्षित वातावरण और अनुशासित दिनचर्या उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने टीम के साथ मिलकर बच्चों से संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण दल ने यह भी आश्वासन दिया कि समय-समय पर आश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि छात्र बेहतर शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर सकें।

### पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के सहयोग हेतु भाजपा मंडल बिछुआ ने दी राहत राशि

**बिछुआ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों के सहयोग हेतु एकत्र राशि शुक्रवार को छिंदवाड़ा में श्री रिंकल बेदी जी के पास भाजपा मंडल बिछुआ के तरफ से कुल 42000 रुपए की राशि मंडल कार्यकर्ताओं के तरफ से सहयोग स्वरूप समर्पण की गई,राहत राशि देते समय मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,संतोष भलावी,रजत वानखेड़े,मोनू पवार उपस्थित रहे।



### 17 को भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती

**दमुआ।** 17 सितम्बर विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर दमुआ शहर टिंकू विश्वकर्मा वर्कशाप दमुआ, लाली गैरिज दमुआ, माटू गैरिज दमुआ, नितिन गैरिज भवन दमुआ पार्क सहित अन्य स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित की गई और धूमधाम से विधि विधान अनुसार हर्षोल्लास के साथ पूजन पाठ हनुष्ठान अराधना हवन पूर्णाहूति आरती भी की गई तत्पश्चात इस अवसर पर भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया।

## मड़काढाना, खुट्टी जंगल की नदियों से हो रहा है रेत का अवैध उत्खनन

**निर्माण स्थलों पर दिन के उजाले में निकल रहे हैं रेत से भरे वाहन**





हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

मानसून के चलते जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया के मददे नजर एनजीटी ने वैध ठेकेदारों तक को रेत सिर्फ वैध भंडारण से सप्लाई की जा सकती है। तीन माह की प्रतिबंध लागू होने के बाद भी तामिया में अवैध खनन करने वालों ने सारी सीमा लाघ कर रेत की चोरी लगातार करते चले आ रहे हैं। इक्का-दुक्का करवाई रेत परिवहन की गई है, लेकिन इस तहसील में एक भी अवैध उत्खनन का प्रकरण ना तो खनिज राजस्व वन विभाग ने बनाया क्योंकि इस प्रकरण को बनाने के लिए नदी में जो उतरना पड़ता। तामिया खनिज एवं राजस्व विभाग मैं अपनी पेठ चोरी की बनाने के बाद जंगल से रेत निकालने के लिए मैदानी अमले को अपना सहयोगी बनाया और उनके सहयोग से जंगल में बहने वाली नदी नालों से रेत चोरी शुरू हुई वैसे तो हर रेंज की नदी नालों से रेत का अवैध उत्खनन होता है, लेकिन कुआं बादला सर्किल की खुट्टी एवं मडकाढाना के जंगल की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन वन कर्मियों के मिली भगत से हो रहा है। ये अवैध उत्खनन इस क्षेत्र की नदियों में ट्रैक्टर के निशान का पीछा कर उत्खनन स्थल तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन वन विभाग की जंगल गस्ती भी सवालों के घेरे में है कि अधिकारी यदि जंगल की गस्ती करते तो जंगल की ओर जा रहे रेत के वाहनों के चाक नजर आते लेकिन वो घर बैठे रहते हैं। निरीक्षण नहीं करने का नतीजा जंगल की नदियों से रेत का अवैध खनन होना है। रेत चोरों के बुलंद हौसलों की तारीफ होनी चाहिए कि वह जंगल से वाहन रेत के भरे निकाल कर तामिया में चल रहे निर्माण कार्यों में बेच रहे हैं। यदि किसी को रेत की जांच करना है तो उसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रकृति द्वारा हर नदी नाले में अपने कलर और साइज की रेत दे रखी है। यदि मडकाढाना खूट्टी की रेत का निर्माण स्थल पर मिलान करेंगे तो निश्चित ही जंगल की नदियों से लाई गई रेत से मिलान अवश्य होगा, वहीं वन विभाग के अधिकारियों को कम से कम रेत चोरी रोकने लिखित आदेश ना दे सके तो मौखिक रूप से भी बतला सकते हैं, लेकिन वो भी जानबूझकर इस रेत चोरी से शायद अनजान बने हुए हैं।

### खेल महोत्सव के लिए कॉलेज छात्रों का कराया पंजीयन

**परासिया :** सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा 21 से 25 सितम्बर तक खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें अधिक से अधिक खेलों में रूचि रखने वाले छात्र - छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके इसके लिए भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता कालेजों में जाकर छात्रों का पंजीयन करा रहे हैं । युवा मोर्चा शहरी मण्डल अध्यक्ष सिद्धार्थ मुखर्जी ने बताया कि उनके और उनकी टीम के लोगों ने शुक्रवार को पेंच व्हेली कालेज , जिम और शैक्षणिक संस्थानों में जाकर लगभग डेढ़ सौ छात्रों का खेल महोत्सव के लिए पंजीयन कराया ।



## कोल इंडिया की मानकीकरण समितियों बैठक में शामिल हो सकेगी इंटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

18 सितंबर को कोलकाता हाई कोर्ट ने कोल इंडिया लिमिटेड को JBCCI-XI की सभी मानकीकरण समिति की सभी बैठकों में इंटक को शामिल करने की लिए निर्देश दिए । अब JBCCI-XI की जितनी भी मानकीकरण / स्टैंडर्डाइजेशन कमेटी की बैठकें होंगी उसमें इंटक शामिल होगा । कोल इंडिया की बैठकों में शामिल होने के इस क्रम में सबसे पहले 22/9/2025 को होने वाली बोनस की बैठक में भी अब श्रमिक संगठन इंटक शामिल होगा । बता दें , कि वर्ष जनवरी 2017 में कोल इंडिया और श्रमिक संगठन इंटक के बीच आपसी विवाद के चलते कोल इंडिया के द्वारा इंटक को अपनी किसी भी बैठकों में शामिल होने पर प्रतिबन्ध लगाया था । जिसके खिलाफ इंटक ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था ।आईआर की बैठकों के विषय में एवं द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय वार्ता की कमिटियों की बैठक के संबंध में दिसंबर में सुनवाई होगी ।

संगठन को मिलेगी मजबूती :- लगभग 8 वर्षों बाद इंटक का प्रतिबन्ध हटने के बाद संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जागी है । बीते वर्षों में श्रमिक संगठन का ग्राफ काफी हद तक गिरा है । सदस्य संख्या के मामले में जहां इंटक संगठन नंबर 1 पर रहा करता था अब तीसरे और चौथे नंबर पर नजर आता है । संगठन पर 4 जनवरी 2017 को श्रम आयुक्त नहीं बैठकों में शामिल नहीं किए जाने के निर्देश दिए थे । उसके बाद 8 जनवरी 2017 को कोयला मंत्रालय और फिर 27 जनवरी 2017 को कोल इंडिया ने निर्देश जारी किए थे । संगठन के सयुंक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान और नेहरिया इंटक शाखा के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने हाई कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा , कि विषम परिस्थितियों में जिन कामगार साथियों ने इंटक का साथ निभाया संगठन ऐसे सभी साथियों को शुभकामनायें प्रेषित करता है ।

## दशहरा मैदान का निरीक्षण करने पहुंचा प्रशासनिक अमला

**सड़क निर्माण कंपनी को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

आगामी दशहरे के मद्देनजर स्थानीय प्रशासनिक अमला आयोजन स्थल पंडित नेहरू स्टेडियम दशहरा मैदान का निरीक्षण करने पहुंचा। यहां के बदतर हालत को दूर करने की एक बड़ी चुनौती प्रशासन के सामने बनी हुई है।

गौरतलब है कि इसी दशहरा मैदान पर लगभग 25000 से अधिक जनता की भीड़ रावण दहन के कार्यक्रम के दौरान होती है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका परिषद के द्वारा बीते कई वर्षों से इस मैदान की स्थिति बिगाड़ दी गई है। जिसका खामियाजा आयोजन समिति को उठाना होता है।

बीती दिसंबर में स्टेडियम की दुकानों के टूट जाने के बाद यह पहला दशहरे का आयोजन होगा कि जब स्थानीय जनता को यहां बैठने की व्यवस्था से जूझना होगा। इसके अलावा नगर पालिका परिषद की बड़ी गलतियों के कारण इस मैदान के हालात बद से बदतर भी हो चुके हैं। इसी प्रशासनिक लापरवाही को दूर करना वर्तमान प्रशासन की बड़ी चुनौती है।



यहां पर प्रशासन का यहां अमला इसी कड़ी में आयोजन स्थल पर पहुंचकर यहां सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा वैकल्पिक रूप से बनाई गई नाली को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। यह विशाल नाली दुर्घटना को लगातार आमंत्रण दे रही है। इसके अलावा मैदान में उग आई गाजर घास के उन्मूलन के लिए भी प्रशासनिक अमले ने योजना बनाने की बात कही है। देखना है प्रशासन की औपचारिकता दशहरे तक जमीनी तौर पर कितनी बदल पाती है यह एक बड़े आकलन का विषय होगा। इस प्रशासनिक अमले में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, एसडीएम और सीएमओ पहुंचे थे।

### छोटी बाज़ार में किरीट मुकुट पूजन से श्रीराम लीला का हुआ शुभारंभ

## रावण के अत्याचार से हलाकान हुई धरा, हुआ श्रीराम भगवान का जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार में खेली जाने वाली 14 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का मंचन प्रारम्भ हो गया है। रामलीला मण्डल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि किरिट-मुकुट एवं मंच पूजन के साथ रामलीला की विधिवत शुरुआत हो चुकी है।

पूजन एवं लीला में अतिथि उपस्थित रहे एवं श्रीरामलीला मंडल के संरक्षक मार्गदर्शक कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर, सतीश दुबे लाला, अध्यक्ष अरविंद राजपूत, सचिव राजेंद्र आचार्य सहित समस्त सहित वरिष्ठ संरक्षकगण उपस्थित रहे। सभी का स्वागत समिति द्वारा किया गया।मंडल के मुख्य निर्देशक वीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष प्रथम दिवस नवीन प्रसंगों को जोड़ा गया है। पहले दिन रावण के लंका पर आक्रमण कर कुबेर से लंका को छीनने तथा रंभा से किए गए दुर्व्यवहार पर उसे रंभा द्वारा श्राप का दृश्यांकन किया गया। रावण, कुम्भकर्ण एवं विभीषण की घोर तपस्या का चित्रण किया गया। मनवांच्छित वरदान प्राप्त करके रावण ने अहम के वशीभूत होकर पृथ्वी में ऋषि मुनियों एवं देवताओं पर अत्याचार, यज्ञ विध्वंस एवं अनाचार करना प्रारम्भ किया। रावण के अत्याचार एवं विजय यात्रा का चित्रण विशेष लाइट, साउंड इफेक्ट एवं स्मोक इफेक्ट के सम्मिश्रण से प्रदर्शित किया गया।




रावण के अत्याचारो से प्रताड़ति होकर सभी देवी एवं देवता श्रीहरि विष्णु की शरण मे पहुँचते है। तब विष्णु जी बताते है कि वह अयोध्या के राजा दशरथ के घर राम के रूप अवतरित होंगे एवं पृथ्वी को असुरों के अत्याचारो से मुक्त करेंगे। रावण के अत्याचारों का अंत करने के लिए भगवान श्री राम ने भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के साथ राजा दशरथ के घर जन्म लिया। निर्देशक नरेंद्र चंदेल ने बताया कि आज भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव, विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, श्रीराम द्वारा ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया जावेगा। मण्डल के उपाध्यक्ष मयंक चौरसिया, समन द्विवेदी, कुशल शुक्ला, ट्विंकल चरनागर, आशु चौरसिया, सावन जैन एवं समन द्विवेदी ने दर्शकों से अपील की है कि लीला का आनन्द सोशल मीडिया, यूट्यूब एवं स्थानीय चैनल के सीधे प्रसारण से भी ले सकते है।

## नवरात्र के दौरान नहीं हो अनियमितताएं, सौंपा ज्ञापन

**सौंसर**। शुक्रवार को नवरात्रि गरबा महोत्सव में अनियमितताओं पर रोक लगाने हेतु विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, मिली जानकारी के अनुसार नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबों में अनियमितताओं पर रोक को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सौसर को नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले गरबा आयोजनों के संबंध में ज्ञापन में बताया कि नवरात्रि पर देवी शक्ति की आराधना पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में गरबा महोत्सव का आयोजन होता है। परंतु विगत कुछ वर्षों से अनेक आयोजनों में व्यावसायिकता, अश्लीलता और सांस्कृतिक प्रदूषण की प्रवृत्तियाँ देखने को मिली हैं, जो सनातन परंपरा के विपरीत हैं। प्रशासन से आग्रह किया गया कि इस वर्ष होने वाले गरबा आयोजनों हेतु अनुमति देंने के पूर्वसमिति में केवल सनातनी हिंदू समाज के प्रतिनिधि सम्मिलित हों,सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यकमो में केवल देवी भक्ति एवं सांस्कृतिक गीत ही बजाए जाएँ। अश्लील गीतों पर प्रतिबंध रहे तथा पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था हो।परिधान प्रतिभागी मर्यादित वस्त्रों में ही शामिल हों,आयोजन स्थल के आसपास मास मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध हो।इस दौरान प्रखंड मंत्री गणेश प्रजापति,प्रखंड संयोजक अनुराग कोसे,प्रखंड सहसंयोजक मनोज पाल,विशाल धकाते,नगर संयोजक दिव्यांशु कराडे,राज दुर्गे,सागर धोतरे,राहुल मकड़े,निकुंज रुघे, प्रणय राउत, विशाल चौधरी आदि थे।

## 24 सितंबर तक का ग्रामीणों ने दिया अधिकारियों को अल्टीमेटम

# सावंगा सड़क को लेकर ग्रामीण करेंगे हाइवे पर चक्काजाम आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी ग्रामीणों की समस्याओं अधिकारियों एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं के द्वारा का समाधान नहीं होने के चलते अब ग्रामीण मुखर होने लग गए हैं, मजबूरन अब ग्रामीण नागपुर छिंदवाड़ा हाईवे पर आंदोलन और जाम करने का मन बना रहे है।ग्राम सांवगा के सड़क पर गड्ढों कई गांव के ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी दिक्कत हो रही है।

खराब सड़क को लेकर पूर्व में कई बार ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों और सौसर प्रशासन को भी अवगत किया जा चुका है बावजूद इसके सड़क की मरम्मत या फिर नई सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है जिसके चलते प्रतिदिन ग्रामीणों को गड्ढे नुमा सड़क से आवागमन करने में भारी कठिनाई हो रही है। ग्राम सांवगा से सातनूर सड़क पर जगह-जगह पड़े बड़े-बड़े गड्ढों से लोगो को आवागमन में काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही है इन गड्ढों में वर्षा का जल भराव होने के कारण सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है जहां कीचड़ के अलावा और कुछ भी दिखाई नही पड़ता।



### ग्राम पंचायत कार्यालय में सड़क को लेकर हुई बैठक

.शुक्रवार को ग्राम पंचायत कार्यालय सावंगा में विधायक विजय चौरे द्वारा सातनुर से सावंगा सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने हेतु प्रधान मंत्री सड़क योजना के अधिकारियो के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सावंगा सड़क पर डोलोमाईट से भरे ट्रकों के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके है जिस पर आदमी का पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका हैं। बैठक में समस्त ग्रामिणजनों द्वारा निर्णय लिया गया है कि शासन-प्रशासन 24 सितंबर 2025 तक सड़क के गड्ढे भरकर वर्तमान आवागमन हेतु व्यवस्था करे अन्यथा 25 सितंबर को सभी ग्रामवासी नेशनल हाईवे जाम करेंगे,बैठक में प्रधान मंत्री सड़क योजना के अधिकारियो ने सड़क पर पड़े गड्डों को मुरूम अथवा चुरा गिट्टी से भरने तथा इसी माह एटीसी सर्वे कर माह नवंबर-दिसंबर में सड़क का टेंडर लगाने हेतु आश्वस्त किया गया है।

### नेताओं को नहीं है ग्रामीणों की समस्याओं की चिंता

ग्राम सावंगा की सड़क के निर्माण हेतु इसके पूर्व भी ग्रामीणजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जा चुके है परंतु फिर भी सड़क का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, बारिश के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क जानलेवा साबित हो रही है, कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के द्वारा भी इस समस्या के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं,ग्राम सातनुर सेकोड़ाडोंगरी,सावंगा,मालेगांव,दुधाला के ग्रामीणों हेतु यही एकमात्र मुख्य सड़क है।इस सड़क के नवनिर्माण को लेकर सौसर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।जिसके कारण स्मारक से प्रतिदिन औद्योगिक क्षेत्र में जाने वाले कामगारों स्कूली छात्र-छात्राओं बुजुर्गों महिलाओं मरीजो को आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही है।इस बैठक में सरपंच रेशमा संजय बागड़े,गोपालराव कामोने,यशवंत माने,सुधाकर कामोने,संजय घोड़की,जनार्दन व्यवहारे,संजय बागड़े,प्रभाकर अहिर,निलेश चव्हाण,मोहन शिंदे,रमेश कड़क,अतुल मिर्चे, ईश्वर अम्बरते,देवेंद्र तिरगुड़े,जीतू कातकड़े आदि थे।

## सैनिक, ऋषि, देव, पितरों के तर्पण के साथ 9 हजार से अधिक जरूरतमदों को राशन सामग्री की भेंट

**छिंदवाड़ा**। आशाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम में आज सामुहिक रूप से सैनिकों , ऋषि , देवगण और पितरों का वैदिक रूप से तर्पण कर हजारों जरूरतमंदों को वस्त्र , अनाज , राशन सामग्री भेंट की। इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने बताया कि हम सब हमारे पितरों के साथ ऋषि मुनि , देवगण और सैनिकों के भी ऋणी हैं । इनके लिए कृतज्ञता व्यक्त करना ही श्राद्ध है । हमारे पितरों ने हमें शरीर दिया , नाम दिया , गोत्र दिया , जीवन दिया , सब कुछ दिया ही दिया है । आज हम सब जो जीवित हैं उनकी ही कृपा है । उनके सदगति या आगे की मंगलमय यात्रा के लिए हमें उनका वैदिक रूप से तर्पण करना चाहिए । जब हमारा एक वर्ष बीतता है तब पितरों को एक दिन होता है । इस दिन वो अपने सगे संबंधियों या परिवारजनों से अपेक्षा करतें हैं कि उन्हें भोजन आदि देकर तृप्त करें । नहीं करने पर पितृ दोष लगता है, फिर मनुष्य के जीवनकाल में कठिनाईयाँ आती हैं । शास्त्रों में आता है कि विधिवत तर्पण या पिंडदान किसी कारणवश नहीं कर पाएं तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने से भी पितरों की सदगति होती है । समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि संस्था समय - समय पर जिले के गणमान्य नागरिक जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए और देश की सेवा करते - करते शहीद हुए सैनिकों के कल्याण हेतु गीता पाठ कर पुण्य अर्पण करतें हैं । आश्रम के आसपास के सैकड़ों ग्रामों के लगभग 9 हजार जरूरतमंदों को जरूरत की सामग्री भी भेंट की।आश्रम के आसपास के कई ग्रामो के ब्राह्मणों को भी आमंत्रित कर उनको विधिवत भेट देकर भोजन प्रसाद करवाया । सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी । मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ललिता घोगें , जनपद सदस्य कुबेर सिंह टेकनकर , सरपंच रूपेश कराड़े, जिला पांढुरना के सह कोषाध्यक्ष विलाश घोगें उपस्थित रहे । । इस दैवीय कार्य में साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , दामोदर इंगले , सुभाष इंगले ,अशोक मोरे ,सरदार पटेल , दुर्गेष सोनारे,अशोक कराड़े , नारायण ताम्रकार , संजु कराड़े ,सुधाकर ठाकरे , धनाराम सनोडिया , पी आर शेरके ,सूरज प्रसाद माहोरे मनी पटेल ,तुला पटेल ,मुन्ना साहू , महिला समिति से प्रीति सोनारे , आशा इंगले , विमल शेरके , रुपाली इंगले , दया परसाई ,कांता लोखंडे ज्योति कराडे आदि ने सेवाएं दी ।



## किडनी इन्फेक्टेड बच्चों, परिजनों से मिले एसडीएम और बीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा क्षेत्र में बच्चों में किडनी इन्फेक्शन के 6 - 7 मामले सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारी गंभीर नजर आ रहे हैं । इस मामले में एक ओर जहां जांच समिति बनाई गई है तो वहीं एस डी एम और बी एम ओ पीड़ति परिवारों से मिलकर जानकारी जुटा रहें हैं । सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट किया गया है ।शुक्रवार को एस डी एम शुभम यादव और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अंकित सहलाम न्यूटन वार्ड 11 और 12 में स्तिथ आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंचे । यहां किडनी इन्फेक्शन के चलते जान गवाने वाले साढ़े पांच वर्षीय अदनान खान के परिजनों से मिले । बच्चे के इलाज के सम्बन्ध में जानकारी ली । कार्यकर्ताओं से अन्य बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली । नगर में सप्लाई हो रहे पानी का सैंपल भी लिया । बी एम ओ अंकित सहलाम ने बताया , कि इस मामले में आई एम आर सी (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र ) दिल्ली को किडनी इन्फेक्टेड कुछ बच्चों के ब्लड सैंपल भेजे गए हैं , ताकि पता लगाया जा सके कि ऐसा क्यूँ हो रहा हैं । उन्होंने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाने और पोष्टीक आहार खिलाने की अपील भी की है । इसके बाद वे न्यूटन नंबर 4 में स्तिथ कन्या छात्रावास गए , वहां से परासिया वार्ड 5 में भी किडनी इन्फेक्टेड बच्चे के परिवार से मिलने पहुंचे । बता दें , कि 28 अगस्त से लेकर अब तक 2 साल से 6 साल तक के बच्चों में बुखार के बाद अचानक किडनी इन्फेक्शन के कुछ मामले सामने आए हैं । इनमें जाटाछापर , न्यूटन , परासिया और उमरेठ क्षेत्र के बच्चे शामिल हैं । जिनका इलाज नागपुर में जारी है । इनमें दो बच्चे एक परासिया और एक न्यूटन का नहीं रहा । इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी , वार्ड पार्षद नीरू चंदेल , शेख वशीम , मृतक अदनान के परिजन मजीद खान , नसीर खान , साजिद खान , नदीम खान और अमीन खान मौजूद रहे ।

## शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया



**परासिया**। महाराज शंकर शाह,कुँवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गयान्यूटन चिखली में आदिवासी जननायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा शंकर शाह ,कुँवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया सर्वप्रथम शंकर शाह ,रघुनाथ शाह चौक वार्ड नं 2 पर शतरंगी ध्वजारोहण कर रैली निकाली गई, जिसमे चलित झाँकी ओर रथ पर आदिवासी धर्मगुरु झीनानंद परतेती प्रमुख तुलतुला नैना देवी मंदिर तामिया,योगेंद्र तेकाम पंडा के साथ आदिवासी ढोल नगाड़ों ,के साथ रैली नगर भ्रमण कर सतपुड़ा मंगल भवन में रैली का समापन किया गया, सतपुड़ा मंगल भवन में बड़ा देव सुमरनी महाराजा शंकर शाह,रघुनाथ शाह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सांस्कतिक नृत्यो की शानदार प्रस्तुति हुई,आदिवासी धर्मगुरुओं द्वारा समाजसुधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार,कृषि पर सुधार,धर्मान्तरण रोकने ओर महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने की बात कही,शिक्षा,खेल ओर कला,में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओ को प्रशंसनीय पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया ,कार्यक्रम में भोजन प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पत्रकारों और उनके परिजनों के बीमा के लिए शिविर का हुआ आयोजन

**शिविर में 30 पत्रकारों ने कराया बीमा**

**बालाघाट**। जिला प्रशासन एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में 19 सितम्बर को कमला नेहरू महिला मंडल सभागृह बालाघाट में पत्रकारों एवं उनके परिजनों का बीमा कराने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 30 पत्रकारों ने अपना बीमा कराया। शिविर में बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्री इंद्रजीत भोज, जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार पटले, जिले के विविध स्थानों से आए पत्रकार एवं बैंक वीसी उपस्थित थे।

इस शिविर में 10 पत्रकारों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में तथा 13 पत्रकारों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अपना बीमा कराया है। 07 पत्रकारों ने अटल पेंशन योजना से जुड़ने के लिए प्रक्रिया पूरी की। कुछ पत्रकारों के आधार सत्यापन नही होने के कारण उन्हें बैंक शाखा में आकर बीमा कराने कहा गया।

एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने इस शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद लोगो को बीमा योजनाओं से जुड़ने का संदेश मिलेगा और वे अपने व परिवार के सदस्यों की बीमा सुरक्षा के लिए आगे आएंगे। शिविर में वित्तीय साक्षरता एवं बीमा योजनाओं के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई, इससे आमजन को अपने सुरक्षित भविष्य के लिए बचत की प्रेरणा मिलेगी। आज मीडिया प्रतिनिधियों ने बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक अच्छी पहल की है।

अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी बैंक खाता धारकों को ई-केवायसी नियमित रूप से कराना चाहिए और अपने खाते में नॉमिनी को अवश्य दर्ज कराए। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष के व्यक्ति मात्र 436 रुपए में 01 साल का बीमा करा सकते है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 18 से 70 वर्ष के व्यक्ति मात्र 20 रुपए में 01 साल का बीमा करा सकते है। अटल पेंशन योजना में 18 से 40 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति एक निश्चित राशि जमा कर इस योजना से जुड़ सकते है और 60 वर्ष के बाद निश्चित राशि की पेंशन प्राप्त कर सकते है।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्री इंद्रजीत भोज ने पत्रकार साथियों को बीमा योजना से जोड़ने शिविर आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि आने वाले समय में अधिक से अधिक लोगो को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए उनका संगठन सहयोग करेगा।

शिविर में वरिष्ठ पत्रकार श्री आनंद ताम्रकार, श्री श्रवण शर्मा, श्री अखिलेश ठाकुर, रफी अहमद अंसारी, देवेंद्र खरे, विरेंद्र श्रीवास, महेंद्र रामटेके, हितेश ठाकरे, महेश दौने, राहुल टेम्भरे, अशोक शुक्ला, ओमेंद्र बिसेन, रजनीश राहंगडाले, सुधीर ताम्रकार, सलीम खान, संजना बरवे, विशाल राहंगडाले, अन्य पत्रकार बीमा करने के लिए बैंक बीसी युवराज गंगभोज, अभिषेक मेश्राम, नईम खान, युलता रिन्हायत, ईशा खैरवार, राजेश कुमार चैतगुरू, सचिन करंडे, संदीप पांचे, शंभू पंचेश्वर, राकेश धामड़े, पूनम मानेश्वर, जितेंद्र पिछोड़े, जगदीश नगपुरे, मनोज लिल्हारे, अभिलाष यादव, सिद्धार्थ लिल्हारे, जितेंद्र पारधी, ग्यानेश्वर राहंगडाले, निकेश कुथे, मुकेश पटेल, रविंद्र कटरे, दिशा राहंगडाले, संतोष मेश्राम, सेजल चौधरी अपने सिस्टम के साथ उपस्थित थे।



## गोमजी-सोमजी मेला स्थल पर वाहन स्टैण्ड एवं दुकानों के लिए 21 सितम्बर को नीलामी

**मेला स्थल पर महिला समूह करेंगे वाहन स्टैण्ड एवं दुकानों का संचालन**

13 सितंबर को गोमजी सोमजी माँ ज्वाला देवी समिति रावणबंदी (पायली) के पदाधिकारियों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी बालाघाट की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मेला स्थल के वाहन स्टैण्ड एवं दुकानों की नीलामी के संबंध में निर्णय लिये गए। बैठक में तय किया गया कि नीलामी प्रक्रिया के तहत साइकिल स्टैंड और दुकानों को पायली पंचायत अंतर्गत आने वाले महिला स्व सहायता समूह को दिया जाएगा।

इसके लिए साइकिल/वाहन स्टैंड अपसेट प्राइस 31 हजार 40 रुपए एवं जमानत राशि 05 हजार रुपए निर्धारित की गइ्र है। दुकानों के लिए अपसेट प्राइस 05 हजार रुपए और जमानत राशि 500 रुपए होगी। वाहन स्टैण्ड दुकानों की नीलामी 21 सितंबर को सुबहः 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेला स्थल माँ ज्वाला मंदिर रावणबंदी (पायली) में आयोजित की जाएगी। सभी इच्छुक महिला स्व सहायता समूह निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।नीलामी में निर्धारित पार्किंग दरें साइकिल के लिए 10 रुपए प्रति वाहन, मोटर साइकल (तीन पहिया) के लिए 20 रुपए प्रति वाहन, ऑटो रिक्शा 30 रुपए प्रति वाहन व कार/जीप (चार पहिया वाहन) 50 रुपए प्रति वाहन और बस/ट्रक/मेटाडोर (चार से 10 पहियों तक वाहन) 80 रुपए प्रति वाहन पार्किंग दरें निर्धारित की गई है।

इस नीलामी प्रक्रिया में पायली पंचायत अंतर्गत आने वाली महिला स्व सहायता समूह भाग ले सकती हैं। सभी प्रतिभागियों को निर्धारित नीलामी प्रक्रिया का पालन करना होगा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता 2025 में बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने किया अद्भूत प्रदर्शन

**सिवनी**। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन इंदौर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के 04 खिलाड़ियों ने कुमीते विधा में भाग लिया एवं कुराश में 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन सभी खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक जीत कर बालाघाट जिले के साथ ही संभाग को गौरान्वित किया है।जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता में संभाग जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर में विजय बोरीकर ने स्वर्ण पदक एवं रूचि कोल्ते ने कास्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार कुराश में तन्मय डोंगरे में स्वर्ण पदक हासिल किया एवं राष्ट्रीय शालेय कराते एवं कुराश प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बना ली है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त किऐ खिलाड़ियों को श्री डीएस धुर्वे जिला कीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ीयों को बधाई दी गई। इसके अलावा तन्मय डोंगरे ने स्वर्ण पदक, तन्मय देशमुख कांस्य पदक, कनिष्क ऐडपाचे कास्य पदक, मयूर टेकाम कांस्य, अदिति बिसेन रजत पदक, वैशाली पटले कस्य पदक, आदित्य सैय्याम कास्य पदक हासिल कर जिले को गौरान्वित किया है।इस अवसर पर जिला खेल और युवक कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे, आकाशवाणी से धीरज, अजय ठाकुर, जिला योग आयोग अध्यक्ष श्री तपेश असाटी, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र पटले, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री दीपक गिरी गोस्वामी, कुराश प्रशिक्षक गणेश बोढे वारासिवनी, मध्य प्रदेश एकेडमी कोच हर्षित विश्वकर्मा, कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र पटले ने भी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## सेवा पर्व के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सिवनी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश में 17 सितम्बर से सेवा पर्व मनाया जा रहा। 19 सितम्बर को इस पर्व के दौरान महिला सभाग्रह में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 8 वां राष्ट्रीय पोषण माह पर विशेष जोर दिया गया।आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मांगोदिया, वन स्टॉप सेंटर रचना चौधरी, जिला पंचयत सदस्य श्रीमती केशर बिशेन और एग्रीकल्चर विभाग के श्री खिलावन डेहरिया व अन्य लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रीमती दीपमाला मांगोदिया ने महिलाओं और बच्चों के विकास को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया।और उन्होंने कहा की मोटापे को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया जाये। मोटे अनाज को बढ़ावा देना घर में उपलब्ध मोटे अनाज, सब्जियां, अचार और चटनियों को शामिल करने पर जोर दिया गया। पैकेट वाले फूड से बचना बच्चों को पैकेट वाले फूड से रोकने और घर से बने स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। साथ ही एनीमिया मुक्त अभियान सभी अपने क्षेत्र में एनीमिया मुक्त अभियान चलाएं और लोगों को इसके बारे में जागरूक करने को कहा गया।

इसके अलावा एक पेड़ माँ के नाम सभी आंगनवाड़ियों में एक पेड़ लगाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लाड़ली बहनाएं और लाड़ली लक्ष्मी के घर में भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया है।

कार्यक्रम में समुदाय में पोषण जागरूकता बढ़ाना,स्वस्थ और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना, महिलाओं और बच्चों में पोषण की कमी को दूर करना। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित किये जाने को कहा गया, जैसे की पोषण मेला, स्वास्थ्य शिविर, सामुदायिक चर्चाएं, व्यंजन प्रतियोगिता, फिटनेस चैलेंज, योग दिवस, किचन गार्डन जैसे अभियान को कहा गया।



## स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर शपथ एवं श्रमदान का किया गया आयोजन

**सिवनी**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 19 सितम्बर को (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के बालक एवं बालिका इकाई के द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण एवं महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं हाथ स्वच्छता की गतिविधियॉ की गई।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य के डॉ. अशोक कुमार मराठे के द्वारा स्वच्छता संबंधी, जिसमें हर वर्ष 100 घण्टे, सप्ताह में 02 घण्टे श्रमदान करने स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने, गंदगी न करने, गंदगी दूर करने का सबसे पहले मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गांव से और मेरे कार्यालय से शुरूआत करने, स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा हर एक कदम पूरे भारत को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा संबंधी शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई डॉ. रचना कोरी, कार्यक्रम अधिकारी बालक इकाई प्रो. सुखचंद ऐडे एवं नगर पलिका अधिकारी बालाघाट एवं उनका स्टॉफ महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर स्वच्छता के प्रति शपथ एवं महाविद्यालय में साफ-सफाई का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय सिवनी में प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं पीएम मोदी जीवन प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार, 20 सितंबर को भाजपा जिला कार्यालय सिवनी में प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं पीएम मोदी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ तथा वृक्षारोपण किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के मागदर्शन आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी और भाजपा नेत्री श्रीमती लता एलकर द्वारा किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया विभाग द्वारा बताया गया है कि कार्यक्रम 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय पंडित अटल बिहारी वाजपेई परिसर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. श्याम सिंह कुमरे के संयोजकत्व में आयोजित होगा । इस कार्यक्रम के लिये भाजपा नेता संतोष नगपुरे, जिला उपाध्यक्ष लालमणि राय, जिला मंत्री संजीव मिश्रा एवं नरेश राजपूत को प्रभारी बनाया गया है । सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ने जानकारी दी कि संगोष्ठी से पूर्व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### बनने से पहले गिरी बिल्डिंग अब कैसे पढ़ेंगे नोनिहाल क्या प्रदेश के मुखिया लेंगे संज्ञान

# नवनिर्मित सांदीपनी विद्यालय का निर्माणाधीन स्लेब गिरा 10 मजदूर घायल, 3 रिफर !



### निर्माणाधीन बिल्डिंग में गुणवत्ताहीन अमानक समाग्री का उपयोग की शिकायत का भी निराकरण नहीं





केवलारी। दिनांक 19 सितंबर 2025 के दोपहर के समय सी एम राइस स्कूल जिसका नाम परिवर्तन होकर सांदीपनि विद्यालय हो गया है, बिल्डिंग के निर्वाणाधीन स्लैब के गिरने से 10 मजदूर घायल स्लैब गिरने की जानकारी मिलने पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि पत्रकार ओर बिनैकी के निवासियो ने मजदूरों को निकलवाकर सिविल अस्पताल पहुंचाने का काम किया, बचपन प्ले स्कूल के वाहन ओर अन्य वाहनों से घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया।जिनमें से 3 घायलो को सिवनी रिफर कर दिया गया।

केवलारी मे सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय भवन निर्माण का कार्य 19 फरवरी 2024 को विधिवत पूजन कर चालू किया गया था ।जिसका ठेका एऽ एन ऽवीऽ कन्सन्ट्रेक्शन कम्पनी भोपाल को मिला है,बास्तुविद कंसलटेंट की डिजाइन से एसक्यूसी लेक्सेस इंफ्राटे एलऽ एलऽ पीऽ भोपाल की क्वालिटी कंट्रोल सुपरवीजन से बन रही है बिल्डिंग का एप्रोच आज धाराशाही हो गया। बिल्डिंग निर्माण स्थल पर जब भी कोई जनप्रतिनिधि जाता है तो कोई भी ज्बाबदेही अधिकारीयो का ना मिलना कम्पनी की पारदर्शिता को प्रश्न चिंहाकित करता है। 38 करोड़ रुपया प्रशासकीय स्वीकृती से बन रहे आलीशान शिक्षा भवन मे उपयोग की जा अमानक स्तर समाग्री की होने की शिकायत जिले के प्रभारी मंत्री को भी मंडल अध्यक्ष के द्वारा की गयी है।हमेशा मिट्टी मिली रेत , मिट्टी मिली मेटल का उपयोग ,जंग लगी सारियो का उपयोग किया जा रहा है। इतना बढा हादसा हो गया एस क्यूं सी लेक्सेस इंफ्राटे एल एल पी भोपाल क्वालिटी कंट्रोल का सुपरवीजन प्रश्न चिंहित कर रहा है फिल हाल तो बिल्डिंग के निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है ।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में अनुभागवार-दिवसवार उपस्थित रहेंगे एसडीएम

सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के उद्देश्य से नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई में जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों और आवेदनों पर सुनवाई करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगी। प्रथम मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी कुरई श्री प्रशांत उइके एवं अनुविभागीय अधिकारी बरघाट श्री संदीप श्रीवास्तव आमजन से सीधे संवाद करेंगे तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। द्वितीय मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन श्री रवि सिहाग एवं तृतीय मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी केवलारी महेश अग्रवाल तथा चतुर्थ मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी घंसौर श्री बिसन सिंह ठाकुर को जनसुनवाई में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

# ग्राम पंचायत सुकवाह क्यों है नियाज़ ट्रेडर्स के ऊपर मेहरबान



धनोरा। आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुकवाह नियाज ट्रेडर्स के ऊपर ही क्यों है मेहरबान आखिर मामला है क्या जिसे देखने से ये पता चलता है कि ग्राम पंचायत सुकवाह ने नियाज़ ट्रेडर्स के नाम से अपनी ही एक एजेंसी अलग से खोल रखी है जिससे वे सारे काम करते है ग्राम पंचायत सुकवाह में नियाज़ ट्रेडर्स के नाम से अनेकों बिल मिलेंगे जिसमें जमकर लूटपाट की गई है, ग्राम पंचायत सुकवाह में सचिव बालाराम यादव सरपंच श्रीमती शशि इनवाती ओर रोजगार सहायक कोसर खान की मिली भगत से अनेकों कामों का ठेका बगैर किसी निविदा के सिर्फ नियाज़ ट्रेडर्स को दिया जाता है, आखिरकार ग्राम पंचायत सुकवाह नियाज़ ट्रेडर्स के ऊपर इतना मेहरबान क्यों हो रही है, क्या धनोरा ब्लॉक या फिर सिवनी जिले में सिर्फ एक ही ट्रेडर्स है या फिर अच्छी खासी मोटी कमीशन के चलते ग्राम पंचायत सुकवाह ओर किसी को अपने कार्यों का ठेका नहीं देती है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नियाज़ ट्रेडर्स ग्राम पंचायत सुकवाह के रोजगार सहायक के पति नियाज़ अली खान का है, नियाज़ ट्रेडर्स रोजगार सहायक के पति का होने के कारण कहीं ग्राम पंचायत सुकवाह नियाज़ ट्रेडर्स के ऊपर मेहरबान तो नहीं। सूत्र तो ये भी बताते है। की ग्राम पंचायत के उपसरपंच भी नियाज ट्रेडर्स के करीबी बताये जाते हैं । ग्राम पंचायत सुकवाह तो इस कदर मेहरवान है नियाज ट्रेडर्स पर कि बिना सरपंच की शील और हस्ताक्षर के ही बिलों का भुगतान कर दिया जाता है। वही जनपद पंचायत धनोरा के जिम्मेदार अधिकारियो की मिलीभगत से बिना किसी जाँच के बिलों का भुगतान कर दिया जाता है।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड ने सौपा ज्ञापन



सिवनी। संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में दिनांक 19.9.2025 को मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन के नाम जिला कलेक्टर सिवनी एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी को 8 सूत्रीय मांगो के संबंध में जिला अध्यक्ष नोबद सनोडिया संयुक्त संघर्ष मोर्चा इकाई सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया है।

इस कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी कर्मचारी संघ के संरक्षक अरुण सैनी सिवनी मंडी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमलेश दत्त दुबे संरक्षक मंडी सचिव प्रकाश मार्को जिला कार्यकारिणी के सदस्य भुवनेश्वर गनगे कुलदीप ठाकुर राकेश परते नितिन सैयांम एवं जिला कार्यकारिणी की समस्त महिला पदाधिकारी शामिल हुई और जिला सिवनी कृषि उपज मंडी कर्मचारी संघ पलारी के अध्यक्ष निजाम सिंह बघेल संदीप नाग डिलेश भवरे कल्लू प्रसाद अग्निहोत्री गौरव सैयाम एवं कृषि उपज मंडी संयुक्त मोर्चा इकाई केवलारी के अध्यक्ष राजेश उइके कार्यक्रम में उपस्थित रहे.संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला सिवनी इकाई के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त मोर्चा सिवनी के पदाधिकारी महेंद्र पंडया पूर्व कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांत अध्यक्ष परमानंद डेहरिया शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कर्मचारी कांग्रेस के महामंत्री साजिद खान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिक्षक संघ के पदाधिकारी मान मधु शांडिल जी सहकारिता संघ के अध्यक्ष बंसी लाल जी एवं संयुक्त मोर्चा के अनेक पदाधिकारी गण उपस्थित होकर मंडी कर्मचारियों की मांगों के ज्ञापन में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया है आगामी 15 दिवस में संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड भोपाल के संयोजक मान बीबी फौजदार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के नाम सोपा गया ज्ञापन मै की कार्रवाई न होने पर

# जीवन उर्फ सतीश बघेल हत्याकांड के सभी 7 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**सिवनी जिले से बड़ी खबर सामने आई है। ग्राम सिमरिया निवासी जीवन उर्फ सतीश बघेल की हत्या के मामले में पुलिस ने बेहद तेजी दिखाते हुए सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व और एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी मती।**

**पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार, 13 सितंबर 2025 की रात करीब 9 बजे विक्की उर्फ विक्रम बघेल ने अपने साथियों सुभाष बघेल, अंकित बघेल, अमन बघेल, पंकज बघेल, दीनू उर्फ दिनेश निर्मलकर और अंकुश राय के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते जीवन उर्फ सतीश बघेल पर हमला कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

आरोपी जीवन के घर में घुस गए और उसे हाथ, मुक्कों और बांस के डंडों से बेरहमी से पीटा। घटना के बाद आरोपी अधमरे जीवन को घर में बंद करके फरार हो गए।परिजनों ने शटर तोड़कर जीवन को जिला अस्पताल पहुँचाया, लेकिन इलाज के दौरान 14 सितंबर की सुबह उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की। लगातार दबिश के बाद सभी सातों आरोपियों को पकड़ा गया और विधिवत कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर सहित पुलिस बल के कई जवानों दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, दिनेश रघुवंशी, योगेश राजपूत, शेखर बघेल और चीता स्टाफ ने विशेष भूमिका निभाई।




**सोनखार। आदि सेवा केन्द्र का उद्घाटन समारोह पूर्वक मनाया गया और ग्राम की सरपंच श्रीमति ममता/ललित बिसेन द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया।**

# शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय धनौरा में भ्रष्टाचार का बोलबाला, अतिथि शिक्षक भर्ती में भारी भ्रष्टाचार




धनौरा। सिवनी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा मुख्यालय में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा मैं अतिथि शिक्षक की भर्ती में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा की प्राचार्या नाजमीन ख़ान के द्वारा अपने परिचितों को अवैध तरीक़े से अतिथि शिक्षकों के रूप में भर्ती कर लिया गया जिससे शिक्षा की गरिमा और योग्य युवाओं का भविष्य दोनों दाँव पर लग गए हैं।

### नियमो की धज्जियां उड़ाकर किया भर्ती प्रक्रिया

यह पूरा मामला नियमों की अनदेखी नहीं बल्कि क़ानून और व्यवस्था पर सीधा कुठाराघात है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक एक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई पारदर्शिता का खुला उल्लंघन ,सरकारी निर्देशों के बावजूद भर्ती के लिए कोई सार्वजनिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है उसमें बिना डीएड बीएड के भी शिक्षक हैं जिन्हें प्राचार्या नाजमीन ख़ान के द्वारा नौकरी में रख लिया गया है देखना अब यह होगा कि उच्च अधिकारियों के द्वारा भ्रष्ट प्राचार्या नाजमीन ख़ान के ऊपर क्या कार्यवाही की जाती है और कब तक की जाती है. सूत्रों से मिली जानकारी क अनुसार भर्ती प्रक्रिया में 20-20 हजार रूपये लेकर अपने करीबियों को दाखिल कर लिया गया है । राजनेताओ और उच्च अधिकारियो से मधुर सम्बन्ध के चलते प्राचार्या नाजमीन खान के ऊपर अब तक कोई ठोस कारवाही नहीं की गई । सूत्र तो ये भी बताते हैं की जाँच के लिए टीम गठित की गई थी और जाँच हुई भी परन्तु आज दिनांक तक पुनः नियम अनुसार भर्ती प्रक्रिया नहीं कराई गई । सत्र के 3 महीने बीते जा रहे हैं और अभी तक नियमानुसार भर्ती नहीं हुई है जिससे योग्य शिक्षक अपनी सेवा दे सकें ।

अब देखने वाली बात तो ये भी है की एक महीने से ज़्यादा नियम विरुद्ध भर्ती हुए अतिथि शिक्षक जो अपनी सेवा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा मैं दे रहे हैं उनका वेतन कैसे और कहाँ से दिया जाएगा जबकि भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूप से अवैध है।

सूत्र तो यह भी बताते हैं की प्राचार्या नाजमीन खान को स्कूल से कोई लेना देना नहीं है वे सिर्फ महीने में कभी कभी स्कूल आती हैं जिसका सिर्फ सरोकार वेतन पाना है उन्हें स्कूल के शिक्षा स्तर से कोई मतलब नहीं हैं ना ही छात्राओं की शिक्षा से कोई लेना देना है छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । देखना अब यह होगा की क्या नवागत सहायक आयुक्त लाल जी मीणा भ्रष्ट प्राचार्या नाजमीन खान के ऊपर कारवाही करेंगे ।

### सांसद खेल महोत्सव 2025 : पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितम्बर

सिवनी। सांसद खेल महोत्सव 2025 में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2025 निर्धारित है। खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत 29 अगस्त से 20 सितम्बर तक आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है।

**Name change Notice**

I, Sayali Dharmendra Sisodiya, Rio Akbar ward, Bara-patthar, RTO ROAD Seoni (MP) - 480661 have changed my name to Sayali Maloo for all future purposes.

Sayali Maloo
Seoni

# संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन का हुआ आयोजन



सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम में । जिला सिवनी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राही को भारत सरकार की अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिले की समस्त परियोजनाओ मे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में दिनांक 19/09/2025 को ग्राम पंचायत खेरी जिला सिवनी में हितग्राही महिलाओं को सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना के द्वारा वन स्टाफ सेंटर में प्रदान की जाने वाली सेवाएं, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला संबंधित अधिनियम वन स्टाफ सेंटर के द्वारा कराए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई ।अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई एवं महिलाओं को पंजीकृत किया गया इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से कार्यालय प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक, सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना, महिला पर्यवेक्षक श्रीमती साधना उईके, ग्राम सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# मैक्स हॉस्पिटल में ऑन्कोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के लिए विशेष ओपीडी सेवाएँ शुरू



सिवनी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने आज शहर में हेमेटोलॉजी, हेमेटोलॉजिकल मैलिग्नेंसी (रक्त संबंधी कैंसर) और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) तथा नेफ्रोलॉजी के लिए अपनी विशेष मल्टी-स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएँ शुरू करने की घोषणा की। इस ओपीडी का शुभारंभ डॉ. विशाल वसंत रामटेके प्रिंसिपल कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजी और डॉ. राहुल दर्शन अरोड़ा सीनियर कंसल्टेंट, हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर की मौजूदगी में किया गया।

ये ओपीडी सेवाएँ हर महीने के तीसरे शुक्रवार को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक न्यू लाइफ मल्टी सिटी हॉस्पिटल, सिवनी उपलब्ध रहेंगी।

डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट (नेफ्रोलॉजी), मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने जटिल नेफ्रोलॉजी का इलाज और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने किडनी की बीमारियों में समय पर जांच और उन्नत इलाज के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में हॉस्पिटल ने 17 वर्षीय युवा मरीज के सफल किडनी ट्रांसप्लांट के एक विशेष केस के बारे में बताया। बालाघाट रहने वाले 17 वर्षीय युवा मरीज को 2023 में किडनी फेल होने की बीमारी का पता चला। शुरुआती इलाज भोपाल में कराने के बाद वह बालाघाट के एक स्थानीय हॉस्पिटल में हेमोडायलिसिस पर था, लेकिन उसे गंभीर एनीमिया, अनियंत्रित ब्लड प्रेशर और हेपेटाइटिस सी की समस्या बनी रही। बेहतर इलाज की तलाश में परिवार वाले उसे कई हॉस्पिटल में ले गए थे और अंत में बालाघाट में हुई ओपीडी के दौरान उन्होंने डॉ. विशाल रामटेके से परामर्श लिया। जाँच के बाद डॉ. विशाल ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी।

# जल उपभोक्ता समिति की बैठक सम्पन्न

सिवनी। कलेक्टर सु संस्कृति जैन, विधायक सिवनी दिनेश राय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मती मालती डहेरिया की अध्यक्षता में जिला जल उपभोक्ता समिति बैठक का कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक राकेश पाल, मुख्य कार्यपालन अभियंता अशोक डहेरिया, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग सिवनी सुधीर कुमार धुर्वे सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जल उपयोगिता समिति के सदस्यों तथा कृषक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में रबी फसल 2025-26 की लक्ष्यानुसार सिंचाई तथा किसानों को सुगम रूप से सिंचाई हेतु जल की प्राप्ति की कार्ययोजना पर चर्चा कर विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, तिलवारा बांय तट नहर संभाग केवलारी तथा कार्य पालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना द्वारा उनके संभाग अंतर्गत जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं से प्रस्तावित सिंचाई लक्ष्य के बारे में अवगत कराने के साथ ही मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं में शामिल तालाबों के जल भराव की स्थिति से अवगत कराया गया।

**खबर संक्षेप**

## नाबालिक बच्चियों को अनैतिक कार्य हेतु ले जाने वाली तीन महिलाएं को किरनापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**किरनापुरः**-किरनापुर पुलिस के द्वारा सूचना प्राप्त हुई 15 सितंबर 2025 को ग्राम सेवती की 14, 15 व 17 वर्षीय नाबालिक बच्चियों को कुछ महिलाएं पैसे का लालच देकर बाहर ले गई। उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाकर अनैतिक कार्य के लिए प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया ,किंतु स्थिति को देखकर बच्चि

## 20 सितम्बर को किरनापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बालाघाट-** 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बालाघाट जिले में 1000 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। किरनापुर एवं उसके आसपास के ग्रामीण युवाओं एवं आमजन से अपील की गई है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान करें। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमी नही आती है बल्कि रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है। रक्तदान से किसी बीमार एवं जरूरतमंद व्यक्ति की जीवनरक्षा का आत्मीक सुख भी मिलता है।

## सांसद श्रीमती पारधी रक्तदान शिविर में होंगी शामिल

**बालाघाट-** सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बैहर रोड देवटोला में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होंगी और दोपहर 12:30 बजे सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगी। सिवनी से वापसी के उपरांत रात्रि 08:30 बजे हरि मंगलम लॉन बालाघाट में आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल होंगी।

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए

## किसान 10 अक्टूबर तक कर सकते है पंजीयन

**बालाघाट-** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में किसानों का पंजीयन 15 सितम्बर से प्रारंभ किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 10 अक्टूबर तक करा सकेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समिति कर्मचारियों की हड़ताल होने के कारण समिति द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन नहीं किया जा रहा है। इसलिए समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अपना पंजीयन समीपस्थ कियोस्क, सीएससी केंद्र या इंटरनेट कैफे/ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से करा ले। किसान पंजीयन किये जाने आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, गत वर्ष का पंजीयन रसीद/स्लिप, भूमि के दस्तावेज (खसरा प्रतिलिपि), बैंक खाते की जानकारी (बैंक पासबुक) एवं मोबाइल नंबर की जानकारी देनी होगी। भुगतान की प्रक्रिया के संबंध में बताते हुए उन्होंने अवगत कराया है कि भुगतान आधार-आधारित भुगतान प्राथमिकता के आधार पर कृषकों के बैंक खाते में किया जाएगा जो उनके आधार कार्ड से लिंक है। इसके पंजीकरण के लिए कृषको को भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, बैंक खाते के आवश्यक दस्तावेज जिसमें बैंक खाता नंबर और IFSC कोड की जानकारी देनी होगी। सभी कृषको को इस बात पर भी ध्यान देंने कहा गया है कि जनधन, अक्रियाशील (निष्क्रिय), संयुक्त बैंक खाते और फिनो, एयरटेल, पेटीएम जैसे पेमेंट बैंक खाते मान्य नहीं होंगे। भुगतान प्रक्रिया NPCI के माध्यम से संपादित की जाती है, जिसके लिए बैंक और मोबाइल दोनों का आधार से लिंक होना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 24 सितंबर के कटंगी कार्यक्रम की तैयारियों का संचालक कृषि अजय गुप्ता ने किया निरीक्षण



**बालाघाट-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगामी 24 सितंबर को कटंगी में आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में वे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 04 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से बोनस राशि का किसानों के खाते में हस्तांतरण करेंगे और जिले के लगभग 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। इस कार्यक्रम में बालाघाट, सिवनी, मण्डला, जबलपुर, डिण्डोरी जिले के किसान भी उपस्थित रहेंगे।कृषि उपज मंडी कटंगी के प्रांगण में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ की जा रही है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संचालक श्री अजय गुप्ता ने 19 सितम्बर को कटंगी पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री गौरव पारधी, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, कटंगी एसडीएम श्री केसी ठाकुर, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, अन्य विभागों के अधिकारी एवं कटंगी के सभी खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कटंगी में कॉलेज के मैदान में बनाए जा रहे हेलीपेड एवं मंडी प्रांगण में बनाये जा रहे सभा स्थल तथा कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनी के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को 24 सितम्बर को व्यवस्थित कार्यक्रम हो सके इसके लिए दिशा निर्देश दिये गए। इस दौरान मंच व्यवस्था, किसानों की बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



## उद्यान विभाग द्वारा किसानों को स्प्रिंकलर सेट प्रदाय किये गए



**बालाघाट-** उद्यान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत लालबर्रा विकासखंड के ग्राम सूरजाटोला, मोहगांव (धपेरा), पौंडी एवं कनकी के उद्यानिकी फसल लगाने वाले किसानों को अनुदान पर स्प्रिंकलर सेट प्रदाय किये गए है।

ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी कीर्ति नगपुरे ने बताया कि ग्राम सूरजाटोला मोहगांव (धपेरा) के मोहनलाल दशरिय, राजेंद्र दशरिय, कांताबाई भलावी एवं ग्राम पौंडी के मधुसूदन शर्मा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट प्रदाय किये गए है। उद्यान विस्तार अधिकारी एचएल मर्सकोले के साथ स्प्रिंकलर सेट का मौके पर जाकर सत्यापन किया गया है। इसी प्रकार ग्राम कनकी में दुर्गावती ठकरेले के खेत में लगी केले की फसल का निरीक्षण किया गया और उन्हें केले के पौधो की देखरेख व कीट बीमारी से बचाव के लिए सलाह दी गई।

## शासकीय हॉयर सेकेंडरी स्कूल कुंडॉ मोहगांव के विद्यार्थियों ने आरसेटी बालाघाट का किया औद्योगिक भ्रमण

**बालाघाट-** नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय हॉयर सेकेंडरी स्कूल कुंडॉ मोहगांव के विद्यार्थियों ने 19 सितम्बर को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बालाघाट का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण आईटी एवं प्लंबिंग ट्रेड वोकेशनल सब्जेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आरसेटी बालाघाट के स्टाफ ने विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। चर्चा का मुख्य विषय स्वरोजगार के महत्व, कौशल विकास की आवश्यकता, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग, वित्तीय साक्षरता तथा आरसेटी बालाघाट द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सों पर केंद्रित रहा। आरसेटी के फैकल्टी सदस्यों ने बताया कि संस्थान ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने में सहायता करता है। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सवालों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा व्यक्त की।

यह शैक्षणिक भ्रमण स्कूल के प्राचार्य श्री सुरेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वोकेशनल ट्रेनर श्री गौरव वैद्य



(प्लंबिंग ट्रेड), श्रीमती निकिता कटरे (आईटी ट्रेड) तथा श्रीमती शीतल सोनकर के नेतृत्व में स्कूल के छात्राएं एवं छात्र उपस्थित रहे। आरसेटी बालाघाट की ओर से फैकल्टी सदस्य अंकित लिल्हारे, अनीता चौधरी, ऑफिस असिस्टेंट शिवानी चिमोटे तथा शिवम कटरे ने भी भ्रमण में भाग लिया और अतिथियों का स्वागत किया।

भ्रमण के अंत में आरसेटी ने आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। 21 सितंबर से संस्थान में मशरूम कल्टीवेशन कोर्स तथा दिव्यांगजनों के लिए शॉपकीपर प्रशिक्षण का शुभारंभ हो रहा है। जरूरतमंद एवं बेरोजगार युवा इन कोर्सों में भाग लेने के लिए आरसेटी बालाघाट का दौरा कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। ये कोर्स निःशुल्क हैं और स्वरोजगार के लिए व्यावहारिक कौशल प्रदान करेंगे। यह भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ, बल्कि नई शिक्षा नीति के व्यावसायिक शिक्षा के लक्ष्यों को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसेटी बालाघाट जैसे संस्थानों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास को गति मिल रही है।

## महाबोधि महाविहार बोधगया में बौद्धो का हो आधिपत्य,भीम जन्मभूमि महू एवं दिक्षाभूमि नागपुर का संचालन दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया को मिले-डॉ.चरनदास ढेंगरे

### बोधगया महाबोधी विहार संचालन के सभी सदस्य बौद्ध हो एवं बीटी एक्ट समाप्त हो-उम्मेद लिल्हारे

**बालाघाट।** दिनांक 17 सितंबर को भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट द्वारा डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र एवं संस्था के ट्रस्टी/ राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ.भीमराव य.आम्बेडकर साहेब मुंबई के निर्देशानुसार पूरे भारत देश की 24 राज्यो की जिला शाखाओ द्वारा दिनांक 17 सितंबर को सभी जिला मुख्यालय में 3 सूत्रीय मांगो को लेकर संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय जन आक्रोश आंदोलन धरना एवं रैली का आयोजन किया गया। जिला शाखा बालाघाट द्वारा भी स्थानीय आंबेडकर चौक में धरना आंदोलन कर रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से महाबोधी विहार मुक्त करने,बीटी एक्ट समाप्त करने तथा महाबोधी महाविहार बोधगया का आधिपत्य बौद्धो को मिलने, बाबासाहेब की जन्म स्थली महु में मध्यप्रदेश शासन द्वारा भव्य स्मारक का निर्माण किया गया। जिसके लिये संस्था द्वारा मध्यप्रदेश शासन का धन्यवाद साधुवाद किया गया। लेकिन उस भीम जन्मभूमि स्मारक का संचालन दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया (मीराताई आंबेडकर)को स्मारक के संवधिान अनुसार मिले। एवं अवैध रूप से संचालन करने वाले विरोधी लोगो का जमावडा रहता है। धम्म विरोधी नारे लगते है। विश्व धरोहर नागपुर दिक्षाभूमि जहां पर बाबा साहेब ने 9 लाख लोगो को एक साथ बौद्ध धम्म की दिक्षा दी थी। वह जगह महाराष्ट सरकार ने दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया को रजिस्टी कर बाबा साहेब के स्मारक निर्माण के लिये दी थी। लेकिन तत्कालीन कार्यकर्ताओं ने रजिस्टी को एक तरफ स्मारक निर्माण समिति का निर्माण कर विगत 70 वर्षो से भारतीय बौद्धो को गुमराह करके रखा है। अतः दिक्षा भूमि को डा.भीमराव आंबेडकर साहेब राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया को सौप कर पूण्य का काम करें एवं बौद्धो को न्याय दे। संस्था में मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी ने आयोजन की प्रस्तावना रखते हुये मांग की है कि बोधगया महाबोधी विहार में बौद्धो का आधिपत्य हो,भीम जन्मभमि महू एवं दिक्षा भूमि नागपुर का संचालन डा.भीमराव आंबेडकर साहेब एवं दि बुद्धिस्ट सोसायटी को मिले, मुख्य अतिथि उम्मेद लिहारे जी ने मांग की है कि महाबोधी महाविहार के संचालन मे सभी सदस्य बौद्ध हो, जो नही है वे बौद्ध धम्म स्वीकार करें। इस आयोजन की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे जी द्वारा की गई। अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के सदस्य राजकुमार नागेश्वर, आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे, धमेन्द्र कुरील संस्था के पूर्व प्रदेश सचिव, जिले के पूर्व मिशनरी साथी में के डी.एल. चौरे, बामसेफ के सक्रिय सदस्य रामदास हतकर, हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष, शैलेश सुखदेवे एवं खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष, आर. डी. देशभ्रतार जिला सचिव बैहर, कैलाश भोरजार खैरलांजी अध्यक्ष, दुरेन्द्र सावनकर किरनापुर अध्यक्ष, चंद्रशेखर रामटेके बालाघाट अध्यक्ष, सुधा मेश्राम नगर शाखा बालाघाट अध्यक्ष, वारासिवनी से धनराज रामटेके, गोंगलई से मच्देन्द्र बोमरडे, अनिता बोमरडे, व जिले के विभिन्न क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो ने पहुंचकर महाराष्ट,मप्र,बिहार राज्य एवं भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौपा है।

## मेटालिफेरस माइस सेफ्टी वीक-2024 का समापन एवं 2025 की रूपरेखा पर विचार विमर्श

**भरवेली** – जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड भरवेली के विश्रामगृह में परासिया क्षेत्र, गाजियाबाद जोन के अंतर्गत महानिदेशक खान सुरक्षा के तत्वाधान में मेटालिफेरस माइस सेफ्टी वीक-2024 का समापन समारोह गुरूवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर खनन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ बनाने और आगामी मेटालिफेरस माइस सेफ्टी वीक-2025 की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदानों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों पर जोर देना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परासिया क्षेत्र के निदेशक खान सुरक्षा अल्ताफ हुसैन अंसारी ने की, उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि खनन कार्य जोखिम भरे होते है, ऐसे में सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। नियमित प्रशिक्षण, सतत निगरानी और समय समय पर सुरक्षा आडिट की दुर्घटनाओं में कमी ला सकता है। सभी खनन कंपनियों को निर्देशित किया कि वे अपने कर्मियों को नवीनतम सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये और कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करें।

विशिष्ट अतिथी के रूप में परासिया क्षेत्र के उपनिदेशक खनन सुरक्षा कैमरा तिरूपति, मॉयल लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक तकनीकी, किशोर चन्द्राकर, महानिदेशक खान योजना राजेश भट्टाचार्य, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक उम्मेदसिंह भाटी, खान प्रबंधक, विवेक कुमार, एम/एस एचसीएल के कार्यकारी निदेशक नागेश शिनाय के साथ विभिन्न खदानों के ऑनर और इत्यादि महत्वपूर्ण अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक तिरूपति ने कहा कि खदानों में काम करने वाले प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा नियमों का व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिये। उन्होने सुझाव दिया कि कंपनियां सुरक्षा, अभ्यास को कार्य संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा बनाये।

मॉयल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक तकनीकी किशोर चन्द्राकर ने कहा कि आधुनिक तकनीकी साधनों और डिजिटल मॉनिटरिंग के उपयोग से न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है बल्कि उत्पादकता भी बढाई जा सकती है। नागेश शिनाय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि खनन उद्योग में सुरक्षा निवेश को खर्च नहीं बल्कि दीर्घकालिन लाभ के रूप में देखा जाना चाहिये।

सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से यह निष्कर्ष निकाला कि श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। इसके लिये सरकार कंपनी प्रबंधन, अधिकारी और कर्मचारी सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उपस्थित अधिकारी एवं कर्मियों ने 2025 के सेफ्टी वीक को अधिक प्रभावी व जन जागरूकता आधारित बनाने के लिये अनेक सुझाव दिये। सुरक्षा सप्ताह का मुख्य कार्यक्रम मलाजखंड में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का औपचारिक समापन हुआ। जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि आने वाले वर्ष में खदान सुरक्षा को नई ऊंचाई तक ले जाया जायेगा।

## श्रृंगार एवं सौन्दर्य सेवा व्यवसाय ने वंदना के जीवन में लाया बदलाव



### वंदना गृहणी से बनी उद्यमी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण ने वंदना को बनाया आत्मनिर्भर

**बालाघाट-** वंदना ने कभी सोचा नहीं था कि एक छोटा सा प्रशिक्षण उसके जीवन की दशा एवं दिशा दोनो बदल देगा। मात्र 10 वीं कक्षा तक पढ़ी आदिवासी समाज से ताल्लुक रखने वाली वंदना भलावी ने एक माह का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण लिया था और इस प्रशिक्षण ने उसके आत्मनिर्भर बनने की दिशा तय कर दी है। वंदना भलावी श्रृंगार एवं सौन्दर्य सेवा के ब्यूटी पार्लर व्यवसाय को अपना कर वह गृहणी से एक सफल उद्यमी बन गई है।

बालाघाट जिले के आदिवासी बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र बिरसा तहसील के ग्राम दमोह में रहने वाली वंदना भलावी के पति संजय भलावी एक ट्रैवल एजेंट हैं और परिवार में पति, पत्नी और दो बच्चे हैं। वंदना ने मात्र 10 वीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है। वंदना की सौंदर्य क्षेत्र में महिलाओं को संजाने संवारने में रूचि थी। वह आजीविका मिशन के अनामिका स्व-सहायता समूह की सदस्य के रूप में काम करती थी और अपने परिवार की आर्थिक मदद करने के लिए ब्यूटी पार्लर का छोटा-मोटा काम करती थी। वंदना का परिवार आर्थिक रूप से मजबूत नहीं था। पति की ट्रैवल एजेंट की आय से घर चलाना मुश्किल हो रहा था, और वंदना खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहती थीं। गाँव में सौंदर्य सेवाओं की मांग तो थी, लेकिन पेशेवर प्रशिक्षण और संसाधनों की कमी उसकी राह में बड़ी बाधा थी। ऐसे में जब उसे ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) बालाघाट में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण देने की जानकारी मिली तो उसने 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रशिक्षण में उसने केवल सौंदर्य संबंधी तकनीकी कौशल जैसे मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर और हर्बल उत्पादों का उपयोग सीखा और उद्यमिता विकास के महत्वपूर्ण पहलू जैसे व्यवसाय प्रबंधन, ग्राहक सेवा, मार्केटिंग और वित्तीय योजना की जानकारी हासिल की। इस प्रशिक्षण ने वंदना की सोच को बदल दिया और उसे आत्मविश्वास से भर दिया। वह कहती हैं, ₹आरएसईटीआई ने मुझे न सिर्फ कौशल दिया, बल्कि एक उद्यमी की मानसिकता भी सिखाई।

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वंदना ने अपनी बचत और स्व-वित्तपोषण से अपने ग्राम दमोह में ₹महक हर्बल ब्यूटी पार्लर₹ की स्थापना की। जनवरी 2024 में इसका उद्घाटन हुआ। शुरुआत में



चुनौतियाँ आईं - ग्राहकों को आकर्षित करना, प्रतिस्पर्धा और दैनिक प्रबंधन जैसी समस्या थी। लेकिन आरएसईटीआई में सीखी उद्यमशीलता की क्षमताओं का उपयोग कर उन्होंने इन बाधाओं को पार किया। उसने हर्बल उत्पादों पर फोकस किया, जो ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्यवर्धक और किफायती साबित हुए।

आज वंदना का ब्यूटीपार्लर सफलतापूर्वक चल रहा है। वह सामान्य दिनों में 10-12 हजार रुपये मासिक कमाती हैं, जबकि त्योहारों या कार्यक्रमों के सीजन में ऑर्डर मिलने पर यह आय 20-30 हजार रुपये तक पहुँच जाती है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि वंदना अपने पति को भी सहारा दे रही हैं। उनके पार्लर ने गाँव की महिलाओं को सौंदर्य सेवाएँ उपलब्ध कराईं और कई युवतियों को प्रेरित किया। वंदना अब स्व-सहायता समूह की अन्य महिलाओं को भी सलाह देती हैं, जिससे समुदाय में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

## पोषण माह एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत व्यंजन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में दिनांक 19 सितम्बर 2025 को क्लेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के आयोजन अंतर्गत व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथियों में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शकुंतला डामोर, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केशर बिसेन, श्रीमती वीणा, श्रीमती मंजू शुक्ला, सी डब्लू.सी. सदस्य श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती सुनीता जंघेले, श्रीमती नीतू द्विवेदी उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा व्यंजन प्रदर्शनी में स्थानीय खाद्य सामग्री से व्यंजन बनाए गए, जिसमे कुछ विशेष में सुगर फ्री रागी के लड्डू, स्टीम्ड व्यंजन, कृष्ण फल का जूस, 28 प्रकार की चटनियां प्रमुख तौर पर रही । इस अवसर पर स्वस्थ बालक एव बालिकाओ के माता पिता को सम्मानित किया गया एवं अतिथियों द्वारा व्यंजन प्रदर्शनी के अवलोकन पश्चात प्रमाण पत्र वितरण किया गया और पोषण शपथ ली गई । इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और पोषण सेल्फी ली गई। कार्यक्रम में सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रही। जिले में 8 वां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक जन आंदोलन रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें थीम मोटापा नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा/ पोषण भी पढ़ाई भी, शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरूष सहभागिता, स्थानीय खाद्य एवं उत्पादों को बढ़ावा, अभिसरण क्रिया और डिजिटलीकरण पर पोषण माह के दौरान गतिविधियों का आयोजन जिला, परियोजना एवं आंगनवाड़ी स्तर पर किया जा रहा है।